बीईएमएल हरियाली की ओर

सीमित खपत के लिए 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने का लक्ष्य

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनिरत्न श्रेणी-1 की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी है, ने अपनी खपत के लिए 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोगा करने का 100% का अनूठा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रयास में, आज मैसूर कॉम्प्लेक्स में श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने श्री बी आर विश्वनाथ, निदेशक (खनन एवं निर्माण) की उपस्थिति में 200 केडबल्यूपी ग्रिड संयुक्त छत-ऊपरी सौर परियोजना का उद्घाटन किया। छत-ऊपरी सौर परियोजना के संस्थापन और कमीशनिंग के साथ बीईएमएल सीमित खपत के लिए 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है।

बीईएमएल मैसूर कॉम्प्लेक्स में संस्थापित सौर पैनलों का एक दृश्य।

श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मैसूर कॉम्प्लेक्स में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करते हुए

100% नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को साकार करने में, बीईएमएल द्वारा गदग जिला, कर्नाटक में 5 एमडबल्यू पवनचक्की परियोजना की स्थापना के साथ वर्ष 2007 से लेकर विद्युत उत्पन्न किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बीईएमएल द्वारा कर्नाटक में कोप्पल और बागलकोट जिले में 18 एमडबल्यू पवनचक्की परियोजना भी स्थापित की गई है, जिससे पहले से ही 9 एमडबल्यू पवनचक्की से विद्युत उत्पन्न हो रहा है। शेष 9 एमडबल्यू परियोजना निर्माण के अधीन है। इसके साथ, कुल संस्थापित नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता 23.2एमडबल्यू होगी, जो बीईएमएल की सकल विद्युत की आवश्यकता को पूरी करेगी।

02.03.2017 बीईएमएल द्वारा रिलीस

बेंगलूर